an>

Title: Need to implement Chambal Lift Project in Karauli-Dholpur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर राजस्थान में चंबल नदी बहती है। पूरे साल बहने वाली चम्बल नदी से सिंचाई एवं पीने के पानी की कमी को दूर करने के लिए चंबल लिफ्ट परियोजना को लागू किया जाए ताकि शहर एवं दूर-दराज के गांवों में सिंचाई एवं पीने के पानी की कमी को पूरा किया जा सके।

इस लिफ्ट परियोजना के शुरू होने से शहर एवं गांवों के लोगों को पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सकेगा एवं दस्यु प्रभावित क्षेत्र में निवास करने वाले किसानों को खेती के लिए बारह माह पानी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र में सिंचाई क्षेत्र बढ़ने से किसानों की आमदनी एवं उनके जीवन स्तर व रहन-सहन में सुधार होगा एवं कृषि उत्पादन बढ़ने से रोजगार पैदा होंगे।

अतः मेरा अनुरोध है कि क्षेत्र की जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार चंबल लिफ्ट परियोजना को शीघ्र लागू करे।